हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 20 सितंबर 2024

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

11 विकासखण्ड स्तरीय कला महोत्सव में बड़गांव के विद्यार्थियों ...



12 डीजे का शोर नहीं, पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ निकली...





## खबर संक्षेप

### माता कौशल्या पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन 22 को

**जामगांव आर।** रामायण में माता कौशल्या की महती भूमिका की जीवंत चित्रण करते हुए डेढ़ घंटे का लघु फिल्म जामगांव आर की सांस्कृतिक आधार स्तंभ सेवानिवृत्त बीएसपी स्कूल व्याख्याता नारायण चंद्राकर मैत्री कुंज भिलाई द्वारा तैयार किया गया है। श्री चंद्राकर ने बताया कि इस संबंध में रायशुमारी प्रदर्शन जैन भवन जामगांव आर में 22 सितंबर रविवार को प्रबुद्ध वर्ग के समक्ष किया जाएगा।

### स्कूल मध्यान्ह भोजन रसोइया संयुक्त संघ की बैठक 22 को

**बालोद।** छत्तीसगढ़ स्कूल मध्यान्ह भोजन रसोईया संयुक्त संघ द्वारा 22 सितंबर को जिले के ब्लाक बालोद, गुरूर, गुण्डरदेही, डौण्डी, डौण्डीलोहारा में एक साथ दोपहर 12 बजे सभी ब्लाक के स्थानीय जगहों पर बैठक का आयोजन किया गया है। जिला अध्यक्ष नुकेश कुमार सोनवानी व जिला सचिव द्वारिका प्रसाद देशमुख ने कहा कि सदस्यों से बैठक में उपस्थित होंगे। बैठक में 27 सितंबर को तूता रायपुर में होने वाली हड़ताल के संबंध में चर्चा की जाएगी।

### कालेज में प्रवेश 30 तक

**डौंडीलोहारा।** स्थानीय संत राजाराम शदाणी नागरिक महाविद्यालय में इस वर्ष से पीजीडीसीए कोर्स प्रारम्भ किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार महाविद्यालय में एमए भूगोल विषयों के साथ आगामी 30 सितंबर तक इस वर्ष पीजीडीसीए कोर्स में विषय में प्रवेश लिया जा रहा है।

### लापता हुए बालक को पुलिस ने खोज निकाला

**भिलाई।** घर से चार साल का बच्चा अचानक गायब हो गया था। परिजनों ने जिसकी शिकायत कोतवाली पुलिस दुर्ग से की थी। बालक पोलसायपारा दुर्ग का रहने वाला है। डायल 112 आरक्षक ने शिकायत मिलने पर तुरंत घटना स्थल पहुंचकर आसपास खोजबीन शुरु कर दिया। बालक से पूछताछ करने पर अपना नाम धमधा निवासी आर्यन यादव बताया। जो दुर्ग अपने नानी के घर आने की जानकारी दी। घर का पता नही बताने पर आरक्षक ने थाना सिटी कोतवाली दुर्ग बालक को लेकर आया। टीआई विजय कुमार यादव के नेतृत्व में बालक का फोटो सायबर प्रहरी में अपलोड कर संदेश को थानो में भेजा गया। बालक के परिजनों को पचरीपारा दुर्ग में सायबर प्रहरी ग्रुप में जुड़े आम जनता के माध्यम से पता चलने पर बालक की मां पूजा यादव थाने पहुची। बालक का पहचान बताने पर उसे सौंपा गया। कार्रवाई में आरक्षक सुरेन्द्र पाल और महिला आरक्षक अनिता भास्कर का योगदान रहा है।

### वंदे भारत एक्सप्रेस, दुर्ग से आज शुरु होगी

**भिलाई।** वंदे भारत एक्सप्रेस में आरक्षण की सुविधा शुरु की गई है। ट्रेन 20829/20830 दुर्ग-विशाखापट्टणम-दुर्ग वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की कई विशेष विशेषताएं हैं। दुर्ग - विशाखापट्टनम वंदे भारत एक्सप्रेस वर्तमान में 130 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलती है। जिससे प्रमुख शहरों के बीच यात्रा का समय कम करने में मदद मिलती है। वंदे भारत एक्सप्रेस में पर्याप्त पैर रखने की जगह के साथ रिक्लाइनिंग सीटें हैं। वंदे भारत एक्सप्रेस में कई सुरक्षा विशेषताएं हैं। जिनमें स्वचालित दरवाजे, स्मोक अलार्म, सीसीटीवी कैमरे, बायो-वैक्यूम शौचालय और कवच सिग्नलिंग तकनीक शामिल हैं। ट्रेन 20829 दुर्ग विशाखापट्टनम वंदे भारत एक्सप्रेस दुर्ग से 5:45 बजे रवाना होकर 6.13 बजे रायपुर। 6.53 बजे महासमुंद, 7.28 बजे खरियार रोड, 8.13 बजे कांटाबाजी, 8.46 बजे टिटलागढ़ 8.55 बजे केसिंगा, 11:00 बजे रायगड़ा, 11:30 बजे पर्वतीपुरम 12.35 बजे विजयनगरम और 12:45 बजे विशाखापट्टनम पहुंचेगी।

## मांग : जिले के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों पर लगाया लापरवाही का आरोप

# एएलएस सिस्टम युक्त संजीवनी 108 के लिए विधायक संगीता ने दी धरना देने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

एएलएस सिस्टम युक्त संजीवनी 108 वाहन को लेकर राजनीति तेज हो गई है। अब विधायक संगीता सिन्हा ने मंत्री कार्यालय के समक्ष धरना देने की चेतावनी दी है। विधायक ने प्रशासन को तीन दिवस का समय 108 वाहन को धमतरी से वापस लाने के लिए दिया है। दरअसल जिले के एकमात्र एडवांस लाईफ सपोर्ट एएलएस सिस्टम से युक्त संजीवनी 108 वाहन को स्वास्थ्य विभाग ने धमतरी जिला भेज दिया है, जबकि बालोद जिला सड़क दुर्घटनाओ को लेकर संवेदनशील है।

आपातकालीन स्थिति में भी एएलएस संजीवनी 108 वाहन जिलेवासियों के लिए वरदान साबित हो रही थी, लेकिन एक पखवाड़ा पूर्व बालोद जिला स्वास्थ्य विभाग ने जिले के एकमात्र वाहन को धमतरी जिला भेज दिया है। दस दिन पूर्व विधायक संगीता सिन्हा ने स्वास्थ्य विभाग से बात की थी। संगीता सिन्हा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने बताया था कि दो तीन दिन के लिए वाहन को धमतरी भेजा गया है, जो जल्द ही जाएगा। विधायक संगीता सिन्हा ने बताया कि स्वास्थ विभाग के अधिकारी वाहन को धमतरी से दो तीन दिन में वापस आने की बात कह रहे हैं, जबकि दस दिन पूर्व की गई चर्चा में भी अधिकारी ने दो तीन दिन में वाहन के वापस आने की बात कही थी। संगीता सिन्हा ने आरोप लगाया कि अधिकारी गलत जानकारी व गलत आश्वासन दे रहे हैं।

### तीन दिन में वाहन नहीं मिला तो देंगी धरना



**एएलएस सिस्टमयुक्त संजीवनी 108 वाहन जिले को वापस दिलाने विधायक ने लिखी चिट्ठी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

बालोद जिले के एएलएस सिस्टमयुक्त संजीवनी 108 वाहन को वापस जिले में लाने की मांग को लेकर विधायक संगीता सिन्हा ने मुख्यमंत्री व मंत्री लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि बालोद जिले के एकमात्र एडवांस लाईफ सपोर्ट सिस्टमयुक्त संजीवनी 108 वाहन जिसके माध्यम से गंभीर स्थिति वाले मरीजों को वाहन में ही समुचित चिकित्सा उपचार एवं देखभाल के साथ उच्च चिकित्सा उपचार हेतु रायपुर, दुर्ग एवं राजनांदगांव के चिकित्सलयों तक पहुंचाया जाता था, उसे धमतरी जिले के सुपुर्द कर दिया गया है। यह जिले के साथ अन्याय है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बालोद से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि आपके मौखिक निर्देश पर उक्त वाहन को धमतरी जिला को सौंप दिया गया है। विदित हो कि एडवांस लाईफ सपोर्ट सिस्टमयुक्त इस वाहन के माध्यम से जरूरतमंद कई मरीजों को समय पर अपालकालीन एवं त्वरित चिकित्सा उपचार होने से उन्हें जीवनदान मिला है। उक्त वाहन को धमतरी जिला भेज दिये जाने से बालोद जिले के हृदयघात, भीषण सड़क दुर्घटना एवं अन्य गंभीर स्थिति वाले मरीज उच्च चिकित्सा उपचार के लिए रिफर किये जाने की स्थिति मेंअत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से

▪ कहा– एकमात्र सर्वसुविधायुक्त एंबुलेंस को दूसरे जिले को सौंपा जाना बालोद के साथ अन्याय

संगीता सिन्हा ने कहा कि मैं अपने क्षेत्र की जनता के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं करूंगी। क्षेत्र की जनता के जीवन रक्षा के लिए मैं हर संभव प्रयास करूंगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दो-तीन दिन में वाहन वापस जिले में नहीं आता है, तो मैं स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष धरना दूंगी। इसके साथ ही क्षेत्र में व्यापक जन आंदोलन चलाया जाएगा।

### स्वास्थ्य मंत्री को भी जानकारी नहीं



संगीता सिन्हा ने आरोप लगाया है कि स्वास्थ्य विभाग जिलेवासियों की जीवन रक्षा के प्रति लापरवाह है। यही कारण है कि इतना महत्वपूर्ण वाहन जो कि जिले में एक ही है, उसे भी धमतरी भेज दिया गया। संगीता सिन्हा ने बताया कि उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री से भी इस विषय पर चर्चा की। मंत्री ने बालोद के वाहन को धमतरी भेजे जाने की जानकारी नहीं होने की बात कही है। संगीता सिन्हा ने आरोप लगाया कि अधिकारी मनमानी कर जिलेवासियों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं।

# सूने घर का ताला टूटा, नकदी सहित 5 लाख से ज्यादा की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के गुरुर विकासखंड के कृषि विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में संविदा कर्मचारी संजुरानी के अर्जुन्दा नगर के केशरिया कालोनी स्थित घर में अज्ञात चोर ने 5 लाख 30 हजार रुपए के जेवरात और नकदी रकम पर हाथ साफ कर दिया।

संजुरानी ने अर्जुन्दा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि वह अर्जुन्दा के घर में परिवार के साथ रहती है। 15 सितंबर को पिता का स्वास्थ्य खराब होने के कारण घर में ताला लगाकर 108 एम्बुलेंस से ईलाज कराने दुर्ग के एक अस्पताल गये थे। अगले दिन 16 सितंबर को सुबह करीबन 8 बजे पड़ोसी दुष्यंत देवांगन ने फोन से सूचना दी कि घर का ताला टूटा हुआ है। इसकी सूचना मिलते ही वापस अपने घर पहुंची, तो घर के कमरे का सामान बिखरा पड़ा था। आलमारी का लॉकर टूटा हुआ था। आलमारी में रखे सोने चांदी के आभूषण, 1 नग कैमरा व नकदी रकम 1 लाख रुपए सहित कुल करीबन 5 लाख 30 हजार रुपए को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर फरार हो गया था। अर्जुन्दा पुलिस मामले में अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305(ए), 331(4) के तहत मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

## सूने घर से लैपटाप सहित 30 हजार की चोरी

**बालोद।** जनपद पंचायत गुण्डरदेही में सहायक ग्रेड 3 में पदस्थ महिला कर्मचारी के घर से अज्ञात चोर ने लेपटॉप व सोने का आभूषण जिसकी कीमत 30 हजार रुपए से अधिक की चोरी कर ली है। महिला कर्मचारी ने गुण्डरदेही थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वर्ममान में जनपद पंचायत गुण्डरदेही में सहायक ग्रेड 3 के पद पर कार्यरत हैं। शनिवार, रविवार अवकाश होने पर 14 सितम्बर सुबह 10 बजे गृह ग्राम गोढी गई थी। 17 सितम्बर के सुबह 9 बजे आकर देखी तो मकान का ताला टूटा हुआ था तथा कमरे में रखे हुए लेपटाप एवं अन्य सामग्री को कोई अज्ञात चोर ले गया था। महिला कर्मचारी नोदिता साहू पति जितेन्द्र कुमार साहू ग्राम गोढी थाना अहिवारा जिला दुर्ग की रहने वाली है, जो वर्तमान में गुण्डरदेही में रहती है। नोदिता ने बताया कि कमरे के अंदर जाकर देखी तो कमरे का सामान बिखरा पड़ा था। इसके साथ ही सोफे पर रखा लेपटाप सहित, मोबाईल का चार्जर व आर्टिफिशियल ज्वेलरी, एक जोड़ी सोने का नजरिया व रूपए नहीं थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जनभागीदारी समिति के पुराने अध्यक्ष का मोह नहीं छोड़ पा रहा कालेज प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

शासकीय महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष बनाए जाने के बाद नंदकिशोर शर्मा ने पदभार ग्रहण कर अपना कार्य प्रारंभ कर दिया है, लेकिन महाविद्यालय प्रशासन अब तक पुराने अध्यक्ष का मोह नहीं छोड़ पाया है।

▪ सूचना पटल पर आज भी अंकित है दो साल पहले के अध्यक्ष का नाम

महाविद्यालय के सूचना पटल पर अभी भी पुराने अध्यक्ष नौशाद कुरैशी के नाम का बैनर लगा हुआ है। इससे नए व अनजान आगंतुक नौशाद कुरैशी को ही महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति अध्यक्ष समझ रहे हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि नौशाद कुरैशी महाविद्यालय में लगभग दो साल पूर्व अध्यक्ष थे। उसके बाद बीते पौने दो साल से महाविद्यालय में ओंकार महमल्ला जनभागीदारी के अध्यक्ष थे, लेकिन उनका पूरा कार्यकाल बीत जाने के बाद भी न तो कुरैशी के नाम का बोर्ड हटा और न ही महमल्ला के नाम का नया बोर्ड लगा। वहीं, अब श्री शर्मा के पदभार ग्रहण करने के सप्ताहभर बाद भी न तो नौशाद कुरैशी को अध्यक्ष बताने वाला फ्लैक्स हटा और न ही नंदकिशोर शर्मा को अध्यक्ष बताने वाला नया बोर्ड लगा।



### कार्यकारिणी की सूची आने के बाद हटा देंगे

नंदकिशोर शर्मा ने अभी अपनी कार्यकारिणी का गठन नहीं किया है। उनकी कार्यकारिणी की सूची आने के बाद पुराने बोर्ड को हटा दिया जाएगा।

- प्रो के.एल रावटे, प्रभारी प्राचार्य

### जिला खेल अधिकारी पर गिरी गाज

**बालोद।** अनापत्ति प्रमाण पत्र देने में आनाकानी करने और खिलाड़ियों को गोलमाल जवाब देकर उन्हें भटकने को मजबूर करने का आरोप लगने के बाद जिला खेल अधिकारी को आखिरकार हटा दिया गया है। उनके स्थान पर संयुक्त कलेक्टर पूजा बंसल को जिला खेल अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी खेल के साथ ही युवा कल्याण विभाग का प्रभार सौंपा गया है। आपको बता दें कि बीते कुछ दिनों पहले ही कूडो एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने कलेक्टर को लिखित शिकायत कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया था। इस संबंध में हरिभूमि ने खिलाड़ियों की समस्याओं को लेकर प्रमुखता से खबर का प्रकाशन किया था और खबर का असर भी हो गया है। अपर कलेक्टर ने लिखित आदेश जारी करते हुए संयुक्त कलेक्टर पूजा बंसल को जिला खेल अधिकारी का प्रभार सौंपा है।

# ग्राम पंचायत खलारी का विभाजन कर एक नई पंचायत बनाने की ग्रामीणों ने उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के ग्राम खलारी के ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत खलारी का विभाजन करने के लिए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

ग्रामीणो ने ज्ञापन में कहा है कि ग्राम पंचायत खलारी विकासखण्ड डौण्डी का सबसे बड़ा ग्राम पंचायत है, जहां कुल 4 पारा, मोहल्ला है और 20 वार्ड हैं। बड़ी ग्राम पंचायत होने के कारण शासन द्वारा मिलने वाली योजनाओं का लाभ सभी पारा, मोहल्ला को नहीं मिल पाता। इससे ग्राम का विकास नही हो पा रहा है। ग्राम पंचायत खलारी, कुम्हारपारा एवं नयापारा के मतदाताओं ने ग्राम पंचायत खलारी का विभाजन कर एक और नई पंचायत का गठन करने की मांग की है। ग्रामीणो ने बताया कि बड़ा ग्राम होने के कारण ग्राम के शासकीय राशन दुकान में लोगों को राशन लेने के लिए कई घंटे इंतजार करना पड़ता है। कई बार स्थिति यह हो जाती है कि लोगों को दिन भर लाईन में लगने के बाद भी राशन नहीं मिल पाता और दूसरे दिन राशन लेने जाना पड़ता है। ग्राम पंचायत में कोई काम से जाने पर वहां इतनी भीड़ रहती है कि लोगों का काम आसानी से नहीं हो पाता, लंबा इंतजार करना पड़ता है।



अन्य योजनाओं में जिनको लाभ मिल रहा है उनको ही मिल रहा है, अन्य कोई उसका लाभ लेना चाहे तो लाभार्थी की संख्या पहले ही पूर्ण हो चुकी रहती है तथा कई योजनाओं का तो प्रत्येक ग्रामीण को लाभ ही नहीं मिल पाता। इससे कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इन सब समस्याओं को देखते हुए तथा शासन की योजनाओं का लाभ न मिलता देख, ग्राम को दो भाग में कर पृथक पंचायत बनाने की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है।

# विसर्जन शोभायात्रा में डीजे बंद तो शराब भी बंद की लगाई तख्ती





**बालोद।** शहर के वार्ड क्रमांक 19 में एकदंत गणेश उत्सव समिति ने गुरुवार की शाम भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन किया।

समिति ने हाईकोर्ट के निर्देश और पुलिस प्रशासन द्वारा बताए गए नियमों का पलटवार करते हुए गणेश विसर्जन शोभायात्रा में पोस्टर व तख्ती में डीजे बंद तो शराब भी बंद लिखकर प्रशासन द्वारा बताए गए नियमों का विरोध करते नजर आए। हालांकि इस दौरान समिति के सदस्यों ने शांतिपूर्ण तरीके से भगवान गणेश का विसर्जन किया।

गुरुर ब्लाक के ग्राम जेवरतला में दिए गए बयान पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने जताई आपत्ति

# पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश ने हिंदुओं की आस्था का किया अपमान : पवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के गुरुर ब्लाक के ग्राम जेवरतला में एक कार्यक्रम के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा एक लोटा जल को लेकर दिए गए कथित बयान पर बीजेपी चौतरफा हमलावर हो गई है।




इस बयान को लेकर बालोद भाजपा जिलाध्यक्ष पवन साहू ने भूपेश बघेल को एंटी हिंदू करार दिया। पवन साहू ने चुनौती दी है कि जिस तरह से भूपेश बघेल ने हिंदू आस्था का अपमान करते हुए बयान दिया है, वैसा किसी दूसरे धर्म के खिलाफ बोलकर दिखाएं। उन्होंने कहा कि जनता जनार्दन ने जब भी इन लोगों को शक्ति दी है, इन्होंने शक्ति का दुरुपयोग वैसे ही किया है जैसे कि किसी कालखंड में भस्मासुर ने किया था। इन्होंने आस्था पर प्रहार किया है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि, कांग्रेस में दरबारी संस्कृति के चक्कर में बेड़ा गर्क हो रहा है। भूपेश कांग्रेस के इकलौते नेता नहीं हैं, जिन्होंने सनातन पर विवादित बयान दिया हो, बल्कि इससे पहले भी इस पाटऍ के कई नेता इस तरह के विवादित बयान दे चुके हैं। उनकी दुर्गति का यही कारण है। उन्होंने कहा कि हम (बीजेपी) चाहते हैं कि विपक्ष रहे, लेकिन उनको सुधारने की जिम्मेदारी हमारी नहीं है। वह खुद से बर्बाद होना चाहते हैं। पवन साहू ने कहा कि विधानसभा चुनाव और फिर लोकसभा चुनाव की हार के बावजूद स्तरहीन बयानबाजी चालू है।

### क्या है मामला

दरअसल बालोद जिले के गुरुर ब्लाक के ग्राम जेवरतला में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि, एक लोटा जल चढ़ा दो और जीवन में कुछ काम मत करो। बच्चों को मत पढ़ाओ, खेत में काम मत करो, बस एक लोटा जल चढ़ा दो सब ठीक होगा। हम इसे आस्था नहीं कह सकते। यह आस्था नहीं, बल्कि भाजपा द्वारा फैलाया गया अंधविश्वास है। अगर बच्चे पढ़ेंगे नहीं तो क्या बनेंगे। भगवान कृष्ण गाय चराते थे, भगवान राम वन–वन भटकते थे।

# मटिया ह को स्वतंत्र पंचायत बनाने की मांग को लेकर कलेक्टर से मिले ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के ग्राम मटिया ह के ग्रामीणों ने ग्राम मटिया ह को स्वतंत्र ग्राम पंचायत बनाने की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में मांग की गई है कि ग्राम व ग्राम पंचायत मटिया ह का वर्तमान में एक आश्रित ग्राम सिर्राभांठा है, जहां ग्राम मटिया की जनसंख्या 1300 हो चुकी है एवं कुल मतदाता 884 हैं, लेकिन विकास की दृष्टि से अभी भी ग्राम काफी पिछड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि एक ग्राम पंचायत के अंतर्गत दो ग्राम आने के कारण विकास के लिए आया राशि दो भागों में बंट जाती है, जिसके कारण न तो मुख्य ग्राम का विकास हो पा रहा है और ना ही आश्रित ग्राम का विकास हो पा रहा है। ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं के लिए भी भटकना पड़ रहा है। विकास नहीं हो पाने की स्थिति में ग्रामीण शासन की योजनाओं का सही लाभ नहीं प्राप्त कर पा रहे हैं। हमें आवागमन से लेकर चिकित्सा, प्रकाश, शिक्षा से संबंधित कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए ग्रामीणों ने मांग की है कि ग्राम को स्वतंत्र ग्राम पंचायत बनाया जाए, ताकि ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके और उन्हें भटकना न पड़े।

## संभागस्तरीय प्रतियोगिता में लहराया परचम

# राज्यस्तरीय स्पर्धा में अरमरीकला के विद्यार्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय अरमरीकला के छात्र छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय शालेय एथलेटिक्स क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

जिसमे अरमरीकला स्कूल से छात्र-छात्राएं एथलेटिक्स स्पर्धा की अलग अलग विधाओं में प्रदर्शन करेंगे। रोशनी भट्ट, उपासना, केमेश्वरी, खुशाल, फनिश, चंदन, परमेश्वर पटेल अब दुर्ग संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए 21 सितंबर से 24 सितम्बर तक चलने वाली राज्यस्तरीय शालेय एथलेटिक्स प्रतियोगिता बिलासपुर में हिस्सा लेंगे। खिलाड़ियों की इस सफलता पर जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले, जिला क्रीड़ा आधिकारी के मेहरा, खेल समन्वयक एस जेना, बीईटो एल चंद्राकर, खेल प्रभारी ज्ञानसिंग जुरासिया, संस्था के प्रभारी प्राचार्य पीएल साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष पी.गंगबेर सहित विद्यालय ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।





### संभागस्तरीय एथलेटिक्स में गीतांजलि प्रथम, राज्यस्तरीय स्पर्धा में होगी शामिल

**बालोद।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बालोद की छात्रा गीतांजलि साहू ने शालेय संभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 1500 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही उन्होंने गीतांजलि ने बिलासपुर में होने वाली शालेय राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है। कक्षा 12वीं की छात्रा गीतांजलि 21 से 24 सितंबर तक आयोजित प्रतियोगिता में शामिल होने बिलासपुर रवाना हुई। छात्रा की इस उपलब्धि पर प्राचार्य अरुण कुमार साहू सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

**पाठक सूचना**

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

# अंक बढ़े, फिर भी बी ग्रेड पर अटका महंत कॉलेज, दुर्गा महाविद्यालय में इस साल आएगी नैक टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

महंत महाविद्यालय को तमाम प्रयासों के बाद इस बार भी बी ग्रेड ही हासिल हो सका है।

- 2018 में मिले थे 2.06 अंक, इस बार मिले 2.49 नंबर

महाविद्यालय ने पिछली बार 2018 में नैक ग्रेडिंग करवाई थी, उस वक्त भी कॉलेज को बी ग्रेड ही हासिल हो सका था। 2018 में नैक ग्रेडिंग के दौरान कॉलेज को 5 में से 2.06 अंक मिले थे। इस बार 2.49 अंक मिले हैं। यदि इसमें थोड़ी वृद्धि हो जाती तो महाविद्यालय को बी प्लस ग्रेड हासिल हो जाता। रिपोर्ट के अनुसार इंफ्रास्ट्रक्चर, प्ले ग्राउंड और रिसर्च क्षेत्र में कमी के कारण ग्रेडिंग में वृद्धि के लिए पर्याप्त अंक नहीं मिल सके हैं।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.देवाशीष मुखर्जी ने कहा कि उनके द्वारा पूरी कोशिश की गई थी कि महाविद्यालय का ग्रेड बढ़ सके। नैक टीम द्वारा जो कमियां गिनाई गई हैं, उन्हें दूर करने की कोशिश की जाएगी ताकि अगले बार अच्छी ग्रेडिंग मिल सके। महंत कॉलेज के अलावा मौजूदा सत्र में दुर्गा महाविद्यालय सहित रविवि से संबद्ध कई कॉलेजों में नैक ग्रेडिंग होनी है। इसके लिए भी महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा तैयारी प्रारंभ कर दी गई हैं।

**माह के शुरुआती हफ्ते में नैक टीम ने किया था महाविद्यालय का दौरा**





### नियम बदलने की तैयारी

अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, नैक ग्रेडिंग के नियम बदले जाने की तैयारी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति आने के बाद कई तरह के बदलाव हुए हैं। नैक द्वारा अंक आबंटन क्रायटेरिया सहित कई अन्य नियम बदले जा रहे हैं। 15 अक्टूबर के बाद नई नैक ग्रेडिंग पॉलिसी लागू होगी। उसके पूर्व इससे जुड़े नियमों को अंतिम रूप देते हुए इन्हें सार्वजनिक कर दिया जाएगा।

### पीएचडी और एनसीटीई लेटर के कारण फंसा पेंच

कॉलेजों को नैक टीम को पहले एसएसआर अर्थात सेल्फ असेसमेंट रिपोर्ट भेजनी पड़ती है। इसके बाद ही नैक टीम आती है। दुर्गा महाविद्यालय द्वारा भेजी गई एसएसआर में में पीएचडी सीटों का जिक्र किया गया था। नियमतः पीएचडी सीटों का जिक्र नहीं किया जाता है, क्योंकि यह प्राध्यापकों की उपलब्धता पर निर्भर करती है। इसके अलावा दुर्गा महाविद्यालय में बीएड पाठ्यक्रम का संचालन होता है। इसके लिए नेशनल काउंसिल फॉर टीचर्स एजूकेशन के सर्टिफिकेट की आवश्यकता होती है। इसका लेटर भी अटैच नहीं होने के कारण तकनीकी त्रुटि आ रही थी। अब रिपोर्ट भरी जा चुकी है। ऐसे में उम्मीद है कि एक-दो माह के अंतराल में दुर्गा महाविद्यालय को नई ग्रेडिंग मिल जाएगी।

## खबर संक्षेप



### नाली का गंदा पानी सड़क पर बहने से ग्रामवासी परेशान

**रायपुर।** ग्राम धनेली बोरियाकला में नाली का गंदा पानी बारहों महीने सड़कों पर बहने के कारण राहगीरों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने इसकी शिकायत कई बार विभागीय अधिकारियों से की है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई, इसे लेकर लोगों में नाराजगी है। इस संबंध में ग्रामवासियों ने बताया कि यह मार्ग सेजबहार से बोरियाकला होकर पुरानी धमतरी और नई धमतरी रोड को जोड़ता है। प्रतिदिन सैकड़ों वाहन गुजरते हैं। सड़क संकरी और बीच में 60 डिग्री की टर्निंग है। ऊपर से गंदे पानी से भरी सड़क से ग्रामवासी परेशान हो रहे हैं। साथ ही रावतपुरा यूनिवर्सिटी का कैंपस यहीं से लगा हुआ है, जहां से कई छात्र और शिक्षाविद भी गुजरते हैं।

### जिंदगी ना मिलेगी दोबारा ने अनूठे ढंग से मनाया अपना आठवां स्थापना दिवस



**रायपुर।** जिंदगी ना मिलेगी दोबारा सेवा संस्था ने सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में अपना आठवां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया। इस पूरे आयोजन का मुख्य आकर्षण बढ़ते कदम वृद्धाश्रम के बुजुर्गों, अर्पण दिव्यांग स्कूल के बच्चों तथा घरौंदा दिव्यांग आश्रय स्थल के मानसिक दिव्यांग बच्चों एवं संस्था के सदस्यों व अन्य आमंत्रित कलाकारों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम रहा। इसी दौरान कृषि विश्वविद्यालय के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. जीएल शर्मा को कृषि रत्न सम्मान दिया गया। इस मौके पर संस्था की अध्यक्ष सुषमा तिवारी ने बताया कि जिंदगी ना मिलेगी दोबारा सेवा संस्था ने अपना आठवां स्थापना दिवस अनूठे ढंग से मनाया। इस आयोजन में आज शहर के ऐसे दानदाता परिवार सम्मानित हुए, लोक कल्याण के लिए उनकी पार्थिव देह को दान किया है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री व सांसद बृजमोहन अग्रवाल, शालिनी राजपूत, आनंद सिंघानिया, अजय मधुकर काले, संजीव गुप्ता, अमृतांशु शुक्ला, ममता शर्मा, अजय शर्मा, सुषमा तिवारी, ममता शर्मा, लता साहू एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। दूसरों को रोशनी देने परिवार के दिवंगत सदस्य का नेत्रदान किया है। साथ ही ऐसे व्यक्ति, जिन्होंने 50 से अधिक बार स्वयं रक्तदान किया है। शहर की ऐसी सामाजिक संस्थाओं व विशिष्टजनों का भी सम्मान किया गया।

### गणेश प्रतिमा विसर्जन के बाद गिरा यात्री प्रतीक्षालय का शेड

**रायपुर।** गुढ़ियारी के पहाड़ी चौक में बड़ा हादसा टल गया। चौक पर बनाए गए यात्री प्रतीक्षालय का शेड ही गिर गया, सौभाग्यवश यह हादसा उस वक्त नहीं हुआ, जब लोगों की वहां भीड़ होती है। प्रतीक्षालय के नीचे गणेश प्रतिमा की स्थापना की गई थी, जिसका विसर्जन बुधवार को ही किया गया था। सूत्रों का कहना है कि यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण कुछ समय पहले हुआ था और उसका अब तक उद्घाटन भी नहीं किया गया था। गिरा शेड चौक पर रखे ट्रैफिक बैरिकेड के सहारे लटक गया, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

### 5 साल तक मेंटेनेंस करेगी अनुबंधित एजेंसी

# पुराने धरनास्थल और मोवा में वेंडिंग जोन एजेंसी तय, किराए पर देंगे स्मार्ट कॉर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राजधानी में सड़कों पर ठेले-गुमटियों में कारोबार करने और फेरी लगाने वाले छोटे व्यापारियों के लिए नगर निगम ने 12 स्थानों पर वेंडिंग जोन बनाने का निर्णय लिया है। इनमें से 2 स्थान बूढ़ापारा में पुराने धरनास्थल और मोवा इलाके में पाम ब्लाजियो के सामने जब्बार नाला के पास वेंडिंग जोन बनाने के लिए टेंडर के बाद एजेंसी तय कर ली गई है। राघव एसोसिएट्स द्वारा इन दोनों स्थानों पर वेंडिंग जोन विकसित किया जाएगा। इसके लिए एजेंसी को 3 माह का समय दिया गया है। अनुबंधित एजेंसी 5 साल तक इसका मेंटेनेंस शर्त के मुताबिक करेगी। इसके एवज में नगर निगम से उसे स्पॉट पर विज्ञापन बोर्ड डिस्प्ले करने का अधिकार मिलेगा।

शहरी आजीविका मिशन की प्रभारी अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने बताया, बूढ़ातालाब के सामने स्थित पुराने धरनास्थल की जगह पर बनाए जाने वाले वेंडिंग जोन में 12 वेंडरों को सुरक्षित रूप से आजीविका चलाने स्मार्ट वेंडिंग कॉर्ट पंजीकृत वेंडरों को किराए पर दिए जाएंगे। किराया दर टाउन वेंडिंग कमेटी तय करेगी। वेंडिंग कॉर्ट पर प्रति कॉर्ट 1 लाख रुपए का खर्च अनुमानित है। इसी तरह जब्बार नाला के पास बनाए जा रहे वेंडिंग जोन में 20 पंजीकृत वेंडरों को शिफ्ट किया जाएगा।

### किराए पर देंगे वेंडिंग कॉर्ट

शहर में वेंडरों को सुव्यवस्थित तरीके से कारोबार करने नगर निगम द्वारा वेंडिंग जोन विकसित कर दिया जाएगा। चिन्हांकित जगहों पर पंजीकृत वेंडरो को 10 बाई 10 वर्गफीट आकार का वेंडिंग कॉर्ट किराए पर दिया जाएगा। जबकि इसका मालिकाना नगर निगम का रहेगा। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के मुताबिक, बाकी 10 स्थानों पर वेंडिंग जोन विकसित करने स्थल निरीक्षण कर निविदा बुलाई जाएगी।

**धरनास्थल की जगह पर दर्जनभर और जब्बार नाला के पास 20 वेंडरों को मिलेंगे स्मार्ट कॉर्ट**




फाइल फोटो

- राघव एसोसिएट्स को वेंडिंग जोन बनाने 3 माह का समय

### वेंडिंग जोन के लिए निविदा की तैयारी

टाउन वेंडिंग कमेटी की बैठक में स्वीकृत अन्य बाकी स्थानों के लिए जोन स्तर पर स्थल परीक्षण का काम किया जा रहा है। चिन्हांकित स्थलों पर वेंडिंग जोन विकसित करने निविदा जल्द बुलाई जाएगी।

### 7 हजार से अधिक वेंडर चिन्हांकित

नगर निगम द्वारा डेढ़ वर्ष पूर्व शहरभर में कराए गए वेंडर सर्वे के अनुसार करीबन 7 हजार से अधिक वेंडरों को चिन्हांकित किया गया है। सभी को वेंडिंग जोन विकसित कर नगर निगम कारोबार के लिए जगह उपलब्ध कराई जाएगी। कॉर्ट में बिजली के लिए सोलर पैनल लगाए जाएंगे। वेंडिंग जोन में पेवर ब्लॉक और बैठक व्यवस्था निगम द्वारा की जाएगी।

### नए वेंडिंग जोन के लिए चिन्हांकित स्थल

- जोन-5 के सुलभ शौचालय के पास डगनिया
- डगनिया से सीएसईबी पार्ट 1
- तरूण तालाब से जीएसआई मार्ग
- लाखेनगर से सारथी चौक तक सड़क की बायीं ओर
- त्रिमूर्ति मंदिर चौक मठपुरैना से भाठागांव आटो स्टैंड के पास जलगृह मार्ग
- माध्यमिक शिक्षा मंडल की बाउंड्री से लगकर टैगोर नगर मार्ग
- विसर्जन कुंड के पास रायपुरा
- हीरापुर सब्जी बाजार के पास
- एक्सप्रेस-वे के नीचे तेलीबांधा
- एसएलआरएम सेंटर के पास माता कौशल्या विहार चौक
- बोरियाखुर्द पौनी पसारी
- हिमालयन हाइट्स के पास देवपुरी

# बोरगहन व रजोली में चला स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से लेकर 02 अक्टूबर तक मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम बोरगहन तथा रजोली में जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंत्योदय से आत्मनिर्भर भारत की दिव्य संकल्पना को साकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी जैसा प्रधानमंत्री मिलना देशवासियों के लिए सौभाग्य की बात है, जिन्होंने वैश्विक स्तर पर भी भारत की साख मजबूत की है। उनकी मजबूत इच्छा शक्ति की बदौलत ही आज आत्म निर्भर भारत का सपना साकार होता नजर आ रहा है। उनके द्वारा स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की गई, जिसका उद्देश्य भारत को स्वच्छ और स्वस्थ बनाना है, स्वच्छ भारत अभियान के माध्यम से, लोगों को अपने आस पास के माहौल को स्वच्छ और हरा–भरा बनाने के लिए प्रेरित किया जाता है। यह न केवल देश को स्वच्छ बनाने में मदद करता है, बल्कि लोगों को स्वच्छता के महत्व को समझाने और उसे अपनाने के लिए प्रेरित भी करता है। इस दौरान संत चंद्राकर सरपंच मोपेंद्र साहू, ओमप्रकाश ठाकुर, सरपंच दयाराम सिन्हा, मिलन साहू, त्रयोदय, मुकेश, वागीश बघेल, गोविन्दा बघेल, भावेश बघेल सहित भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थित थे।



# संघ की समन्वय बैठक में पहुंचे पांच मंत्री आयामों पर चर्चा कर तय किए गए लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की समन्वय बैठक रोहिणीपुरम शिक्षण संस्थान में हुई। बैठक में राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिव प्रकाश सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

- आगामी कार्यों को लेकर विस्तार से हुई चर्चा

आरएसएस की समन्वय बैठक में राज्य सरकार के मंत्रियों को दिए गए आयाम (दायित्व) के संबंध में चर्चा की गई। वहीं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के आयामों के संबंध में अब तक किए गए कार्यों पर विस्तार से चर्चा कर लक्ष्य तय किया गया।

बैठक में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, पवन साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, वन मंत्री केदार कश्यप, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा में शामिल हुए। वहीं संघ के अनुषांगिक संगठनों के पदाधिकारियों ने इसमें भाग लिया। बैठक में आने वाले कार्यक्रमों और प्रदेश में संगठन के गतिविधियों को आगे बढ़ाने के संबंध में चर्चा कर रणनीति तैयार की गई। राज्य सरकार के 9 माह का कार्यकाल पूरा होने के बाद संघ के पदाधिकारी आगे की कार्ययोजना तैयार करने में लगे हुए हैं।

### आगामी समय के लिए बनी रणनीति : शर्मा



बैठक को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि बहुत आगे की सोचकर बैठक हो रही है, इसमें कई मुद्दों पर चर्चा की गई। बहुत से कार्य विभाजन हुए हैं, सामाजिक कार्यों का विभाजन हुआ है, इन सब पर चर्चा की गई। बैठक में आगे के कार्यों की तैयारियों पर भी बात हुई।

# कांग्रेसियों ने फूंका केंद्रीय मंत्री बिट्टू और विधायक गायकवाड़ का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- राहुल गांधी के खिलाफ टिप्पणी पर किया विरोध, कानूनी कार्रवाई की मांग

लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ केंद्रीय रेल राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू एवं शिवसेना के विधायक संजय गायकवाड़ के अमर्यादित बयान के विरोध में कांग्रेस ने प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय में दोनों नेताओं का पुतला दहन कर विरोध जताया और दोनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सदन से लेकर सड़क तक मोदी सरकार की तानाशाही मनमानी गलत नीतियों का विरोध कर रहे हैं। विरोध के बाद मोदी सरकार को 100 दिन में कई बार यू-टर्न लेना पड़ा। और बीजेपी मोदी सरकार की संविधान विरोधी मंशा पर रोक लगी है। इससे बौखलाए भाजपा नेता और उनके गठबंधन शिवसेना के विधायक लगातार राहुल गांधी के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी कर रहे हैं।

# नवरात्रि के पहले नियमित होगी अहमदाबाद रायपुर की उड़ान, सातों दिन होगा संचालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवरात्रि के पहले छत्तीसगढ़ से गुजरात के बीच आवाजाही करने वाले हवाई यात्रियों को सातों दिन उड़ान की सुविधा मिलने लगेगी। घरेलू उड़ान का संचालन करने वाली इंडिगो ने एक अक्टूबर से अपनी फ्लाइट का संचालन नियमित करने की घोषणा की है। अभी इस फ्लाइट का संचालन सप्ताह में तीन दिन होता है। त्योहार के पहले एयरलाइंस कंपनियां अपनी उड़ानों में फेरबदल कर रही हैं। इनके द्वारा अच्छे ट्रैफिक की गुंजाइश पर नए सेक्टरों में विमानों का संचालन करने की घोषणा की जा रही है। कई शहरों के फेरे बढ़ाए जा रहे हैं, तो कई में उड़ानों की संख्या का विस्तार किया जा रहा है। रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से अहमदाबाद के लिए अभी सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को फ्लाइट का संचालन किया जाता है। इस सेक्टर में यात्री काफी अधिक होते हैं, जिसकी वजह से इस फ्लाइट को नियमित करने की सिफारिश ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े लोगों द्वारा की जाती रही है। इंडिगो ने इसे हरी झंडी दिखाते हुए एक अक्टूबर से इसकी उड़ान नियमित करने की घोषणा की है। फ्लाइट अपने निर्धारित समय पर ही दोनों शहरों के बीच सातों दिन आवाजाही करेगी। शेड्यूल के अनुसार यह फ्लाइट अहमदाबाद से दोपहर 2.15 बजे उड़ान भरकर 4.05 बजे रायपुर पहुंचेगी। इसकी वापसी 4.40 बजे रायपुर से होकर 6.20 बजे अहमदाबाद में होगी।



- अभी सप्ताह में तीन दिन होती है आवाजाही

### लाभ मिलेगा

अहमदाबाद के लिए सीधी फ्लाइट मिलने से छत्तीसगढ़- गुजरात के बीच सामाजिक, व्यापारिक संबंधों में और प्रगाढ़ता आएगी। छत्तीसगढ़ में काफी संख्या में गुजराती समाज के लोग रहते हैं।

- **कीर्ति व्यास,** संचालक, व्यास हॉलीड़ेज

### हैदराबाद की तीसरी उड़ान इसी माह

इंडिगो हैदराबाद के लिए अपनी तीसरी उड़ान का संचालन करने वाली है। यह फ्लाइट 23 सितंबर से संचालित होगी, जिसकी घोषणा काफी समय पहले की जा चुकी है। हैदराबाद के लिए अभी नियमित रूप से दो फ्लाइट आवाजाही करती है, जिसमें काफी संख्या में यात्री रहते हैं। पैसेंजर की संख्या को ध्यान में रखते हुए कंपनी द्वारा एक फ्लाइट बढ़ाने की घोषणा की गई है। यह उड़ान हैदराबाद से दोपहर 2.20 प्रारंभ होकर 3.55 बजे रायपुर में समाप्त होगी। वहीं रायपुर से 4.20 बजे रवाना होकर फ्लाइट 5.50 बजे हैदराबाद में लैंड होगी।

# डॉयल 112 का ठेका बदला, पांच माह में नई कंपनी संभालेगी काम, तब तक पुराने को जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में पुलिस हेल्पलाइन डॉयल 112 सेवा चिकित्सा हेल्थकेयर (जेडएचएल) लिमिटेड संभालेगी। इस संबंध में कंपनी के सीईओ नरेश जैन ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि सेवा शुरू करने के पहले सिस्टम विकसित किया जा रहा है। इसमें पांच से छह महीने का समय लग सकता है। इसके बाद उनकी कंपनी यहां डॉयल 112 की सेवा शुरू करेगी। वर्तमान में पुरानी कंपनी एक्सटेंशन में डॉयल 112 सेवा संचालित कर रही है।

कंपनी के सीईओ नरेश जैन के मुताबिक, उनकी कंपनी वर्तमान में ओडिशा तथा उत्तरप्रदेश में एंबुलेंस सेवा प्रदान कर रही है। साथ ही कंपनी ने मध्यप्रदेश, राजस्थान सहित कई अन्य राज्यों में पूर्व में एंबुलेंस सेवा देने का दावा किया है। उनकी कंपनी को मैनेजमेंट टेंडर में टेक्नॉलाजी, क्वालिटी और कीमत के लिए सबसे ज्यादा पॉइंट्स मिले हैं। जेडएचएल राज्य में पिछले ढाई वर्षों से राज्य में हेल्थकेयर हेल्पलाइन (104) संचालित कर रहा है। उनकी कंपनी को इमर्जेंसी सर्विसेस के लिए कॉल सेंटर और कंट्रोल रूम के प्रबंधन में दो दशकों से अधिक का अनुभव है।

### रिस्पांस टाइम 12 से 16 मिनट

कंपनी के सीईओ के मुताबिक, उनकी कंपनी डॉयल 112 में चार सौ वाहनों को शामिल करेगी। कॉल आने पर पहुंचने का रिस्पांस टाइम अधिकतम 12 से 16 मिनट रहेगा। साथ ही कॉल सेंटर को पहले से ज्यादा एडवांस बनाए जाने का दावा कंपनी के सीईओ ने किया है।




**सीईओ ने टेंडर में सबसे ज्यादा पाइंट मिलने का दावा किया**

### झारखंड से फेक सर्टिफिकेट लेने का दावा

इधर, यह भी आरोप है कि टेंडर लेने के लिए जेडएचएल कंपनी ने झारखंड में सेवा देने का अनुभव प्रमाणपत्र जमा किया है। आरटीआई से निकाली गई जानकारी के मुताबिक, झारखंड सरकार ने कंपनी को किसी भी प्रकार से कोई प्रमाणपत्र जारी नहीं किया है। इसे लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कंपनी के सीईओ नरेश जैन ने दावा किया है कि उनकी कंपनी ने झारखंड में छह साल सेवा प्रदान की है।

# स्वच्छता दीदियों ने बनाई रंगोली स्कूल में बच्चों ने की चित्रकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रायपुर द्वारा निगम क्षेत्र में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को जोन-2 क्षेत्र स्थित नमस्ते चौक देवेंद्र नगर में स्वच्छता दीदियों ने शहरवासियों को स्वच्छता का संदेश देते हुए सुंदर रंगोली बनाई।

रामनगर शासकीय गोकुलराम वर्मा प्राथमिक शाला, गुढ़ियारी कोटा और महोबा बाजार के स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए आयोजित चित्रकला स्पर्धा में बच्चों ने प्रकृति संरक्षण, साफ-सफाई की महत्ता को रंगबिरंगे चित्रों में बेहतर ढंग से चित्रित किया। रायपुर नगर निगम के विभिन्न जोन क्षेत्रों में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। स्कूली विद्यार्थियों के लिए इंटर स्कूल रंगोली, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जोन-1 के तिलक नगर गुढ़ियारी क्षेत्र के स्कूल में रंगोली एवं चित्रकला स्पर्धा में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। स्वच्छता को लेकर बालमन में उठे विचारों को रंगों के माध्यम से प्रतिभागियों ने सुंदर चित्रकारी का रूप दिया। इस मौके पर स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं समेत जोन कमिश्नर हितेंद्र यादव, कार्यपालन अभियंता गजाराम कंवर, सहायक अभियंता सैय्यद जोहेब, जोन स्वास्थ्य अधिकारी खेमलाल देवांगन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### कैंसर रिसर्च अस्पताल तक नई नाली निर्माण की मांग

**रायपुर।** श्री साईं दर्शन आवासीय समिति साईंनगर जोरा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने नालीविहीन पंजाब केसरी रोड जोरा क्षेत्र में बालाजी कैंसर रिसर्च अस्पताल तक नई नाली निर्माण कराने की मांग मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की है। डॉ. सूर्यवंशी ने बताया कि साईंनगर जोरा की सीमा से सटे हुए पंजाब केसरी रोड पर नवनिर्मित बालाजी कैंसर रिसर्च अस्पताल तक पक्की सड़क तो शासन स्तर से बना दी गई थी, लेकिन अफसोस है कि आज तक इस रोड के दोनों तरफ नालियों का निर्माण नहीं कराया गया है। इसका विपरीत असर 200 घरों के आसपास के साईंनगर की आबादी पर सीधे-सीधे पड़ रहा है। इसके अलावा दूसरी तरफ की बड़ी आबादी वाली प्रोफेसर कॉलोनी तक भी वर्षा ऋतु में बेहद विपरीत प्रभाव पड़ता है। इसी के चलते लभांडी गांव तक भी डायरिया बुरी तरह से फैल गया था, क्योंकि लंबे-लंबे समय तक दलदल जैसा जलभराव आसपास की कॉलोनी में फैल जाता है।

### विधानसभा उपचुनाव, कांग्रेस ने बनाई संचालन समिति

**रायपुर।** रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की तैयारी कांग्रेस ने तेज कर दी है। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने चुनाव संचालन समिति का गठन किया है। इस समिति में वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है। समिति में पूर्व मंत्री एवं पूर्व कार्यकारी पीसीसी अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, पूर्व मंत्री एवं पूर्व पीसीसी अध्यक्ष धनेंद्र साहू, पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे, पूर्व मंत्री एवं पूर्व पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम, पूर्व मंत्री एवं पूर्व पीसीसी कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. शिवकुमार डहरिया, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, प्रदेश प्रतिनिधि रुचिर गर्ग, ग्रामीण जिला अध्यक्ष उधोराम वर्मा को शामिल किया गया है। कांग्रेस ने चुनाव से पूर्व विधानसभा के सभी 19 वार्डों में बूथ लेवल कमेटियों को सक्रिय करने प्रभारी की नियुक्ति की है।

### रामकृष्ण हॉस्पिटल में 22 को निशुल्क स्वास्थ शिविर

**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई एवं रामकृष्ण हॉस्पिटल की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 22 सितंबर को किया जा रहा है। इस शिविर में कंप्लीट ब्लड काउंट, शुगर टेस्ट, बीपी टेरर, ईसीजी, टीएसएच टेस्ट, लिपिड प्रोफाइल, बीएमआई, यूरिक एसिड समेत खानपान पर परामर्श रखा गया है। इस संबंध में सिंधी काउंसिल इकाई के अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कि इस शिविर में 20 डॉक्टर अपनी निशुल्क सेवा देंगे।

## निधन

### चंदूलाल साहू



**गुरूर।** नगर पंचायत गुरूर के वार्ड क्रमांक 11 निवासी चंदूलाल साहू का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

## शिविर : मौके पर ही कर दिया गया अधिकांश समस्याओं का निराकरण

# धनेली में लगा जनसमस्या निवारण शिविर 388 में से 250 की समस्या तत्काल सुलझी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

विकासखण्ड गुरूर के ग्राम धनेली में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर अंचल के ग्रामीणों के लिए राहत भरा साबित हुआ। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों के परीक्षण के बाद ग्रामीणों की अनेक समस्याओं का मौके पर ही निराकरण कर दिया।

इस अवसर पर जनसमस्या निवारण शिविर में विभिन्न विभागों से प्राप्त कुल 388 आवेदनों में से कुल 250 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। इस दौरान विधायक संगीता सिन्हा, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने शिविर स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण कर आम जनता से कुल प्राप्त आवेदन तथा उनके निराकरण के लिए की जा रही कार्यवाही के संबंध में जानकारी दी। शिविर में हितग्राहियों को नया राशनकार्ड, दिव्यांगों को ट्रायसायकल एवं छड़ी तथा 02 श्रवणबाधित महिलाओं को श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में जिला पंचायत सदस्य ललिता पीमन साहू, जनपद उपाध्यक्ष तोषण लाल साहू, सहित अन्य जनप्रतिनिधियों तथा जिला स्तरीय अधिकारी के अलावा मैदानी अमले के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

**विभागवार मिले आवेदनों की संख्या:** शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के द्वारा अपने-अपने विभाग को प्राप्त कुल एवं निराकृत आवेदनों की संख्या तथा लंबित आवेदनों के निराकरण के लिए की जा रही कार्यवाही के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग को प्राप्त 25 आवेदनों में से सभी 25 आवेदन, जनपद पंचायत गुरूर को प्राप्त 259 आवेदन में से 196, कृषि विभाग को प्राप्त 09 आवेदन में से 09, खाद्य विभाग को प्राप्त 04 आवेदनों में से 04 आवेदन, श्रम विभाग को प्राप्त 06 आवेदनों में से 05 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। इसी तरह शिविर में तहसील कार्यालय गुरूर को 50, विद्युत विभाग को 18, महिला बाल विकास विभाग को 05, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को 05 आवेदन पत्र प्राप्त हुए।

### कलेक्टर ने कुपोषण मुक्ति अभियान में सहयोग का किया आग्रह

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने शिविर में उपस्थित लोगों को जनसमस्या निवारण शिविर के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य शासन के मंशानुरूप जनसमस्या निवारण शिविर के माध्यम से जिला प्रशासन के आला अधिकारी आम जनता के बीच पहुँचकर उनके मांगों एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि शिविर में संबंधित विभाग के द्वारा त्वरित निराकरण होने योग्य आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया जाता है। इसके साथ ही बजट एवं शासन स्तर से संबंधित प्रकरणों को शासन को प्रेषित किया जाता है। इस अवसर पर उन्होंने किसानों को धान के बदले अन्य फसल लगाने एवं एक सशक्त देश एवं समाज के निर्माण के लिए बच्चों एवं उनके माताओं को कुपोषण मुक्त बनाने हेतु चलाए जा रहे कुपोषण मुक्ति अभियान में समाज के सभी वर्गों के लोगों को सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने

### विधायक संगीता ने की योजनाओं का लाभ लेने की अपील

जनसमस्या निवारण शिविर को संबोधित करते हुए विधायक संगीता सिन्हा ने ग्रामीणों को जनसमस्या निवारण शिविर के महत्व एवं उद्देश्यों के संबंध में जानकारी दी। सिन्हा ने ग्रामीणों को जनसमस्या निवारण शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने शिविर में उपस्थित अधिकारियों को पूरी संवेदनशीलता के साथ आम जनता से प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण के लिए समुचित कार्यवाही करने को कहा।

# आने वाले 5 साल में आदर्श ग्राम बनेगा झोला : ललित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

ग्राम झोला में सीसी रोड, मंच एवं डोम शेड का निर्माण किया जाएगा। इन सभी कार्यों के लिए मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने भूमिपूजन किया।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम झोला में पुराना श्मशान घाट से पंचायत कछार तक 6 लाख रूपये की लागत से सीसी रोड का निर्माण किया जाएगा। इसी तरह शिवाजी चौक के पास 14 लाख रूपये लागत से डोम शेड तथा शिवाजी स्थल पर मंच का निर्माण 6.37 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। उक्त सभी कार्य के लिए दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि कुछ दिनों में इनका निर्माण हो जाएगा, जिससे यहां के निवासियों को सुविधा मिलेगी। श्री चंद्राकर ने कहा कि आने वाले 5 सालों में गांव का चहुंमुखी विकास करेंगे और इसे आदर्श गांव बनाएंगे।

भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल विधायक श्री चंद्राकर ने साथ ही बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों से उनका हालचाल जाना।

इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष और वर्तमान जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन, जनपद सदस्य हेमकुमारी देशमुख, अंजोरा मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुकेश बेलचंदन, सरपंच धीरपाल देशलहरे सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# आंगनबाड़ी केन्द्र भूलनडबरी पहुंचे कलेक्टर चंद्रवाल, गतिविधियों की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल गुरूर विकासखण्ड के आंगनबाड़ी केन्द्र भूलनडबरी पहुंचे। वहां उन्होंने राष्ट्रीय पोषण माह के तहत आंगनबाड़ी केन्द्र में आयोजित सुपोषण चौपाल एवं वजन त्यौहार की विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया।

इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों का वजन जाँच कराकर तथा पोषण ट्रेक एप्प में एण्ट्री के कार्य का अवलोकन के अलावा बच्चे, गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को प्रदान की जाने वाली रेडी टू इट आदि पौष्टिक खाद्य पदार्थों का जाँचकर कुपोषण दूर करने हेतु किए जा रहे उपायों का जायजा लिया। चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों से आंगनबाड़ी केन्द्र में कुल कुपोषित बच्चों की संख्या तथा उनकी स्थिति में सुधार के लिए किए जा रहे उपायों के संबंध में भी जानकारी ली।

वहीं, बच्चों, गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को प्रदान की जाने वाली पौष्टिक खाद्य पदार्थों के संबंध में भी जानकारी ली। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने बताया कि इसके अंतर्गत 01 से 03 वर्ष के तक के बच्चों के अलावा गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को नियमित रूप से गर्म भोजन प्रदान किया जा रहा है। इसके अलावा आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों को पौष्टिक भोजन एवं नाश्ते के अलावा दुध, केला इत्यादि भी प्रदान किया जा रहा है।

### नन्हे बच्चों का कराया अन्नप्राशन

इस मौके पर कलेक्टर चन्द्रवाल ने नन्हें-मुन्हें बच्चों को स्वादिष्ट भोजन खिलाकर उनका अन्नप्राशन कराया। इसी तरह उन्होंने गर्भवती माताओं को पौष्टिक भोजन की थाल भेंटकर उनकी गोद भराई रस्म को पूरा किया। चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित मितानिनों को गर्भवती माताओं का नियमित रूप से देखरेख करने के अलावा उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए आयरन आदि की गोली प्रदान करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्र में उपस्थित ग्रामीणों से चर्चा कर उनका हालचाल जाना।

# विकासखण्ड स्तरीय कला महोत्सव में बड़गांव के विद्यार्थियों ने लहराया परचम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

शासकीय बालक विद्यालय डौन्डीलोहारा में विकासखंड स्तरीय कला महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हायर सेकेंडरी स्कूल बड़गांव के विद्यार्थियों ने विभिन्न विधाओं में शानदार प्रस्तुति दी। इसमें सामूहिक नृत्य में प्रथम स्थान कौशल्या, नीलम, रितिका एवं साथी, सामूहिक गीत में प्रथम लिलेश्वरी, अंजू अहिल्या एवं साथी, कहानी वाचन में प्रथम पूर्वी और टिकेश्वरी, एकल गीत में प्रथम टिंकल रहीं।

इन्होंने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से जिला स्तरीय आयोजन के लिए स्थान सुनिश्चित कर लिया। इसी तरह दृश्य कला में सुकृति एवं मूर्तिकला में गगनदीप ने अपनी प्रस्तुति दी। इस तरह चार विधाओं में स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम से पहले शिक्षक रोशन लाल भंडारी, खिलेश्वरी तिवारी, सुशीला ध्रुवे, कादंबिनी यादव, प्यारे लाल सिन्हा, तेजराम लटिये व शत्रुहन्न ने बच्चों का मार्गदर्शन किया, जिससे बच्चों ने शानदार उपलब्धि हासिल की। शाला के प्राचार्य जेके उइके, व्याख्याता प्रभुराम रात्रे, एनके पडोती, एच चौरके, सरपंच दीपक ठाकुर सहित अन्य ग्रामीणों ने इस उपलब्धि पर समस्त विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# नगर पंचायत में स्वच्छता का संदेश देने हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा



नगर पंचायत द्वारा स्वच्छता का संदेश देते हुए स्वच्छता ही सेवा 2024 का आयोजन 19 सितम्बर को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेश्वरी गोपी साहू एवं उपाध्यक्ष विद्या शर्मा ने किया। इस अवसर पर स्वच्छ इंटर स्कूल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इसमें स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी व हिंदी माध्यम स्कूल, शासकीय बालक हाई स्कूल, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोगिता में निबंध, चित्रकला, स्वच्छता ड्राईंग, स्वच्छता क्विज और रंगोली का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर निकाय द्वारा सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर अध्यक्ष लोकेश्वरी गोपी साहू, उपाध्यक्ष विधा शर्मा, अशोक चौबे मुख्य नगर पालिका अधिकारी, समस्त स्कूलों के शिक्षक, अधिकारी/कर्मचारी गण, आदि ने स्वच्छता में अपना विशेष योगदान दिया, स्वच्छता ही सेवा 2024 का प्रमुख उद्देश्य सफाई में सुधार के साथ-साथ लोगों को स्वच्छता से जोड़ना है।



# भाठागांव बी में हुई भव्य रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता



**बालोद/कलंगपुर।** नवयुवक गणेश उत्सव समिति भाठागांव बी के तत्वावधान में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से भव्य रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन के लिए अनेक पुरस्कार रखे गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर थे, अध्यक्षता सरपंच संध्या साहू ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व सरपंच रिकेश साहू, भानी ठाकुर, विजय साहू, उपसरपंच धनेश्वर साहू थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि डांस करने वाले कलाकारों के लिए अपनी कला का प्रदर्शन करने के लिए सर्वोत्तम मंच रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन है। उन्होंने पूर्व में अपने मद से मंदिर निर्माण के लिए 50 हजार रूपये की राशि से बन रहे मंदिर निर्माण पर प्रसन्नता व्यक्त की। सरपंच संध्या साहू ने प्रतिभागियों की कला की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में आयोजन समिति के सदस्य अरुण यादव, दयाराम सिन्हा, मिलन साहू, गोविंदा बघेल, अरुण निषाद, राजा सेन, हेमचन्द निषाद, पवन निषाद, पुष्पेंद्र यादव सहित प्रतिभागी कलाकार तथा कलाप्रेमी दर्शक उपस्थित थे।

**शासकीय विद्यालय इरागुड़ा में हुई जोनस्तरीय समीक्षा बैठक**

# कक्षा पहली से तीसरी तक पढ़ाने वाले शिक्षकों ने साझा किए अनुभव

हरिभूमि न्यूज. ▶▶ बालोद/कलंगपुर



जिले के सरकारी स्कूलों में बुनियादी शिक्षा के तहत न्यूनतम अधिगम स्तर प्राप्त करने विशेष जोर दिया जा रहा है। नई शिक्षा नीति के तहत एफएलएन के कार्यक्रमों का क्रियान्वयन लगातार किया जा रहा है।

इसी कड़ी में बुधवार को एफएलएन से संबंधित कक्षा 1 से 3 पढ़ाने वाले शिक्षकों की जोन स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन गुण्डरदेही ब्लॉक के इरागुडा संकुल में शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल इरागुड़ा में किया गया। इसमें सिकोसा जोन के अंतर्गत 7 संकुलों के संकुल समन्वयक, 33 स्कूल के 48 शिक्षक शामिल हुए। बैठक में सिकोसा, सरेखा, मोंगरि, माहूद बी, इरागुड़ा, बेलौदी, हल्दी संकुल के शिक्षक उपस्थित थे। बैठक में ब्लॉक अकादमिक सनत वर्मा द्वारा महत्वपूर्ण बिंदुओं जैसे पाठयपुस्तक, अभ्यास पुस्तिका एवं शिक्षक संदर्शिका के उपयोग पर चर्चा, कक्षा में प्रिंट रिच वातावरण, मुस्कान पुस्तकालय, संकुल समन्वयकों द्वारा कक्षा अवलोकन के अनुभव पर चर्चा की गई।

बैठक में शिक्षकों से उनके अपने कक्षा शिक्षण के अनुभव साझा करने का अवसर प्रदान किया गया। शासकीय प्राथमिक शाला चिचबोड शिक्षिका पूजा साहू द्वारा कक्षा 1, 2, 3 के हिंदी/गणित विषय की अभ्यास पुस्तिका पर पूरे एक दिन के अध्ययन का डेमो दिया गया। एसआरजी लक्ष्मीनारायण साहू, डीआरजी भारती सिन्हा, मीनू ठाकुर द्वारा बच्चों के स्तर के अनुरूप कक्षा में प्रिंट रिच वातावरण का निर्माण जो बच्चो की पहुंच में हो जिसे कक्षा शिक्षण दौरान उपयोग में लाने की बात पर सभी शिक्षको की सहमति बनी।

### अनुपस्थित बच्चों के साथ एफएलएन पर कैसे कार्य करें

शिक्षकों द्वारा अनुभव साझा के अंतर्गत विभिन्न समस्याओं को डीआरजी, एसआरजी, सीएसी के समक्ष रखा गया। प्रमुख समस्याओं में अनुपस्थित बच्चों के साथ अभ्यास पुस्तिका पर कैसे कार्य करें, आकलन में बच्चों के नंबर कैसे दें एवं उन्हें समूह एक एवं समूह दो में कैसे बांटे एवं उपचारात्मक शिक्षण में अभ्यास पुस्तिका पर चर्चा की जाए। इन सभी विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## विसर्जन : नगर में विभिन्न स्थानों पर स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमाओं का किया गया विसर्जन

# डीजे का शोर नहीं, पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ निकली शोभायात्रा, गणपति को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं के विसर्जन का क्रम लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा।श्रद्धालुओं ने कोर्ट के प्रतिबंध के बाद डीजे की तेज संगीत के स्थान पर परंपरागत वाद्ययंत्रों के साथ विसर्जन शोभायात्रा निकाली और भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं को विसर्जित किया।

■ सभी स्थानों पर विराजित गणेश प्रतिमाओं को विसर्जित करने निकाली गई शोभायात्रा

नगर में विभिन्न स्थानों पर विराजित गणपति प्रतिमाओं की एक साथ शोभायात्रा निकाली गई। नगर भ्रमण करते के बाद शोभा यात्रा देर रात गणेशा तालाब पहुंची। वहां दूसरे दिन गणेश प्रतिमाओं को जल में प्रवेश कराया गया। भारी भरकम गणेश प्रतिमाओं को क्रेन की सहायता से तालाब के मध्य ले जाकर जल में विसर्जित किया गया।

नगर में पंडालों के अतिरिक्त घरों में विराजित भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं को भी श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ जल में प्रवेश कराया। इस दौरान श्री गणेश की प्रतिमाओं को गणेश विसर्जन स्थल तक लाने का तरीका अनोखा रहा। कोई गोद में बैठाकर वाहन से पहुंचा, तो कोई टोकरी में रखकर तो कोई गणपति बप्पा को कंधे पर बैठाकर तालाब पहुंचे।







### डीजे को लेकर ली गई थी समिति के सदस्यों की बैठक

उधर, कोर्ट के निर्देश के बाद डीजे पर प्रतिबंध को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय रहा। शोभायात्रा के पूर्व ही गणेश समितियों के सदस्यों की बैठक लेकर सभी को न्यायालय के निर्णय से अवगत करा दिया गया था। आरंभ में हल्के विरोध के बाद प्रशासन के कड़े तेवर देख गणेश समितियों ने नियमानुसार कार्य करना ही ठीक समझा। सभी ने परंपरागत वाद्ययंत्रों का उपयोग शोभायात्रा के दौरान किया।



### आम जनता ने भी ली राहत की सांस

डीजे की कानफोड़ आवाज से इस बार आम जनता को राहत मिली है। आम जनता बेहद खुश थी कि न्यायालय ने सही निर्णय देकर उनकी गंभीर समस्या का समाधान किया। वाद्य यंत्र वाले कलाकार भी इस साल खुश हैं, कि उन्हे लंबे अरसे के बाद बड़ा काम मिला। वर्षों से डीजे ने इन वाद्य यंत्र संचालकों के सामने रोजी-रोटी की समस्या खड़ी कर दी थी।



### सुरक्षा को लेकर मुस्तैद रही पुलिस

इस दौरान पुलिस प्रशासन पूरी रात सजग रहा। टीआई स्वयं भी देररात्रि तक शोभायात्रा के दौरान डटे रहे। वहीं, बड़ी सुबह पुलिस बल पुनः गणेशा तालाब पहुंचकर भगवान गणेश की प्रतिमाओं के विसर्जन कार्य को व्यवस्थित किया।





## बेंजो व मांदर की धुन के साथ निकली विसर्जन शोभायात्रा

**डौंडीलोहारा।** नगर व आसपास के क्षेत्रों में गुरुवार को भी गणेश विसर्जन का दौरा चलता रहा। विसर्जन शोभायात्रा गली मोहल्लों व चौराहों से होते हुए निकाली गई। इसके तहत नगर के जय बजरंगबली गणेश उत्सव समिति भरकापारा तथा संजय नगर की गणेश उत्सव समिति द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। ग्यारह दिन तक भक्ति भाव से पूजा अर्चना कर बड़ी संख्या माता, बहनें समिति के सदस्यों ने शोभायात्रा में शामिल होकर भावभीनी बिदाई दी। कोर्ट के आदेश को लेकर डीजे की कानफोड़ आवाज व रंग-बिरंगी लाइटें नजर नहीं आई। इस बार विसर्जन शोभायात्रा में लोगों ने बेंजो धुन व मांदर की थाप की पुरानी परंपरा का आनंद लिया।



## खबर संक्षेप



### कटर से हमला करने वालों का निकाला जुलूस, दो गिरफ्तार

**भिलाई।** गणेश पंडाल के पास शराब पीने को लेकर हुए झगड़े में कटर चलाने वाले आरोपियों को वैशाली नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 109, 118(1), 118(2) 351(2), 296, 3(5) बी.एन.एस के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों का बुधवार को जुलूस निकाला। आरोपियों को कान पकड़वाकर कटर चलाना पाप है पुलिस हमारा बाप है का नारा भी लगवाया गया। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि तीन दिन पहले परदेशी चौक स्थित गणेश पंडाल के पास कटर चलाने वाले आरोपी परदेशी चौक राम नगर निवासी संजू उर्फ शुभम यादव और यूसूफ खान को पकड़ा गया। जुलूस निकालकर आरोपियों से कान पकड़कर अपने किए की माफी मांगी। आरोपियों को देखने सड़क किनारे लोगों की भीड़ लगा रहा। आरोपियों के कई मामले में पुलिस थाने में दर्ज है। थाना प्रभारी ममता अली शर्मा ने बताया कि आरोपियों द्वारा दहशत का माहौल बनाना चाह रहे थे। इस कारण उनका सिर मुंडवा कर जुलूस निकाला गया। इससे लोगों के बीच उनका आतंक और भय कम हुआ है। आरोपियों को पैदल घूमा कर लोगों के बीच संदेश दिया कि जो भी अपराध करेगा पुलिस उसे नहीं छोड़ेगी।

### हत्या का प्रयास, पति को 7 साल की सजा

**भिलाई।** पत्नी की हत्या करने की नीयत से धारदार चाकू से मारने के आरोपी पति को दुर्ग कोर्ट ने सात साल कारावास और एक हजार रुपए अर्थदंड की सजा दी है।अष्टम अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने यह सजा आरोपी चुनकट्टा मुड़पार निवासी शशिकांत बघेल को दी। लोक अभियोजन प्रदीप नेमा के मुताबिक घटना 2 मई 2022 की है। आरोपी शशिकांत बघेल की पत्नी रेखा बघेल को रात करीब 10 बजे अपने बाड़ी के शौचालय में जा रही थी। इसी दौरान आरोपी पति शशिकांत धारदार हथियार चाकू लेकर पीछे से पहुंचा और मारने की कोशिश की। रेखा के कान और कंधे पर चाकू लगा था। आरोपी पति अपनी पत्नी पर चरित्र शंका करता था।

### विवाहिता ने लगाई फांसी पति से रात को हुआ था विवाद

**भिलाई।** विवाहिता ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी लगने पर मौके पर पहुची पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पीएम के लिए भेज दिया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि आर्य नगर पुरानी बस्ती निवासी रौशनी मिश्रा 30 वर्ष अपने मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रौशन की 17 माह की एक बेटी भी है। पति प्रशांत मिश्रा निजी फायनेंस कंपनी में कार्यरत है। परिजनों ने बताया कि घटना की रात प्रशांत अपने काम से रात 3 बजे घर पहुचा था। इस दौरान रौशनी और प्रशांत के बीच विवाद हुआ था। मृतका जहां रहती थी वह दो मंजिला मकान है। विवाद के बाद पति प्रशांत नीचे चला गया फिर रौशनी ने उसे अपने कमरे में सोने जाने की बात कहकर निकल गई।

## रिकार्डिंग डांस में कलाकारों ने मचाया धमाल



**कुसुमकसा।** शिवनगर गणेशोत्सव समिति कुसुमकसा के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ी रिकार्डिंग डांस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिपं उपाध्यक्ष मिथलेश निरोटी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवराम सिंद्रामे सरपंच ग्राम पंचायत कुसुमकसा ने की।

विशेष अतिथि संजय बैस जनपद सदस्य, अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य, आत्माराम चुरेंद्र, संतोष ठाकुर प्रमोद दास मानिकपुरी, संतोष जैन थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मिथलेश निरोटी ने भगवान श्री गणेश से सबकी सुख-समृद्धि व शांति की कामना की। उन्होंने कहा कि शिव मंदिर प्रांगण के सामने जहां आप सब बैठकर कार्यक्रम देख रहे हैं उस जगह पर सिमेंटीकरण के लिए पांच लाख रुपए जिला पंचायत सदस्य निधि से स्वीकृति प्रदान की गई है। जल्द निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा। कार्यक्रम को संजय बैस, शिवराम सिंद्रामे, अनिल सुथार, संतोष ठाकुर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सुरेश कोठारी ने किया।

कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ी रिकार्डिंग डांस के साथ स्वर माला कुसुमटोला के कलाकारों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति कर लोगों को जमकर तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया। ग्रामीणों ने कार्यक्रम का पूरा आनंद उठाया। इस दौरान शिव नगर गणेशोत्सव समिति के समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## पिता की स्मृति में प्रभारी प्राचार्य विनोदिनी ने कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल कन्नेवाड़ा में पितृपक्ष के प्रथम दिवस पिता एलपी यादव की स्मृति में उनकी पुत्री एवं प्रभारी प्राचार्य विनोदिनी यादव ने न्योता भोज का आयोजन किया।

न्योता भोज में अंग्रेजी माध्यम के प्राथमिक, मिडिल एवं हायर के लगभग 250 विद्यार्थियों ने भोजन ग्रहण किया। पितृपक्ष पितरों को समर्पित पर्व है, हिंदू धर्म में पितृ पक्ष का बड़ा ही महत्व है। आज बच्चों को पितृपक्ष पर न्योता भोज करा माता–पिता की सेवा और पितरों के ऋण से मुक्त होने की शिक्षा दी गई। बता दें कि दिवंगत एलपी यादव स्वयं प्राचार्य थे और शिक्षा के लिए समर्पित थे। उनके दिखाए मार्ग पर उनकी तीनों बेटियां आगे बढ़ रही हैं, तीनों ही शिक्षा विभाग में ही पदस्थ हैं। इस आयोजन में शाला परिवार एवं घर के सदस्य सुलोचना देवी, तेजेन्द्र कुमार यादव, राजेन्द्र यदु, दुर्गेश नंदिनी यादव, लोकेश कुमार पारकर, कादंबिनी यादव, आकांशा, साक्षी, प्रांशु एवं आदित्य सहभागी रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में रसोईया दीदियों की महती भूमिका रही। इस दौरान प्राचार्य कविता वानखेड़े, व्हीआर ठाकुर, आरके रानाडे, अजय गायकवाड़, वैशाली यादव, स्मृति मानिकपुरी सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बच्चे उपस्थित थे।



## स्टील बर्तन बैंक के जिला अध्यक्ष तरुण ने कोर्ट के निर्णय का किया स्वागत



**बालोद।** विगत कुछ दिनों से चर्चा का विषय बना डीजे साउंड सिस्टम प्रतिबंध को लेकर स्टील बर्तन बैंक संस्था के जिला अध्यक्ष तरुण साहू ने कोर्ट के निर्देश का स्वागत किया है। धार्मिक और सार्वजनिक स्थलों पर अंधाधुंध तरीके से डीजे बजाए जाने के बारे में समाज सेवक तरुण साहू ने कहा कि डीजे पर प्रतिबंध लगाने का फैसला स्वागत योग्य है। डीजे को बहुत ज्यादा तेज आवाज में बजाया जाना बहुत ज्यादा खतरनाक है। उन्होंने कहा कि इस बार गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन गरिमापूर्ण ढंग से किया गया। सभी जगहों पर पारंपरिक ढोल एवं नगाड़े के साथ शांति पूर्वक विसर्जन किया गया, जो बहुत ही सराहनीय एवं मानवीय तथा नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने वाला कदम है। पिछले कई वर्षों से पर्यावरण प्रदूषण पर काम कर रहे तरुण साहू ने कहा कि ध्वनि प्रदूषण भी जानलेवा साबित हो रहा था। डीजे को प्रतिबंध करके निश्चित ही इस जानलेवा ध्वनि प्रदूषण से हम बच सकते हैं। इसके साथ ही युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति और संस्कार को पारंपरिक गीत–संगीत से संजोकर रख सकते हैं।

### चलित शौचालय व शव वाहन की होगी खरीदी

**भिलाई।** स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए नगर पालिक निगम दो चलित शौचालय समेत दो शव वाहन खरीदेगा। रिसाली महापौर शशि सिन्हा के इस विशेष प्रस्ताव पर एमआईसी सद्स्यों ने शासन को भेजने का निर्णय लिया। वहीं नगर पालिक निगम रिसाली के रिक्त पदों को भरने और नवीन पद सृजन करने का निर्णय लेकर परिषद ने प्रस्ताव शासन की ओर अग्रेसित किया है।

## रिसामा में स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान हुई खेलकूद प्रतियोगिता



**अंडा।** ग्राम पंचायत रिसामा में स्वच्छता पखवाड़ा और जोन स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ललित चंद्राकर थे। उनके साथ महामंत्री ढालेस साहू, जनपद पंचायत सीईओ रूपेश पांडे, अशोक साव, गौरव मिश्रा, नीलू चंद्राकर, ऋचा मिश्रा सहित विभिन्न स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा अनेक लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में 19 गांव की महिलाओं तथा स्कूली बच्चों ने खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लिया। इस दौरान कबड्डी, पिट्ठुल, बिल्लस, फुगड़ी, रस्साकशी, लंगड़ी दौड़ जैसे खेलों का आयोजन हुआ। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही लोगों ने चौराहों की सफाई की तथा स्वच्छता की शपथ ली। वहीं, स्वच्छता अभियान को निरंतर जारी रखने तथा अपने आसपास सफाई रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बर्तन बैंक की संस्थापिका श्रद्धा साहू भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता तथा आयोजन ग्राम पंचायत सरपंच गीता बैकुंठ महानंद ने किया।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात,
कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

स्वामी जी-93406-38884
By Train- रिजर्वेशन कोच
नौ देवी (शक्तिपीठ) यात्रा
माता वैष्णो देवी, बगलामुखी, कांगड़ा देवी, चण्डी देवी, वज्रेश्वरी, चिंतपूर्णी, ज्वाला देवी, नैना देवी, अमृतसर स्वर्ण मंदिर, जलिया वाला बाग, बाघा बार्डर
यात्रा दिनांक 13 अक्टूबर 2024 10 नवम्बर 2024 10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 17,500/-, 3AC-26,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से
10 नवम्बर से 16 नवम्बर 2024, 07 जून से 13 जून 2025
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है.... सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार, मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशिः-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+ 5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
Since-2007
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411